RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 01 सितंबर 2025 | वर्ष 07 | अंक 134 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

मुंबई : वार्ड बाउंड्री पर नौ दिनों में अब तक कुल 17 शिकायतें और सुझाव...




Page - 2

# राज ठाकरे ने दिया चुनावी मंत्र

## मतदाता सूचियों पर रखें पैनी नजर, बीएलए पर भी बरतें सावधानी



**मुंबई :** स्थानीय निकाय चुनावों में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के साथ युति की चर्चाओं के बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने मनपा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। ठाकरे ने शनिवार को राज्य के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गढ़ ठाणे में शहर अध्यक्ष से लेकर उप शाखा अध्यक्ष तक के पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित कर चुनाव जीतने का मंत्र दिया। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के वोट चोरी के मुद्दे पर बल देते हुए कहा कि चुनाव में गड़बड़ी को रोकने के लिए मतदाता सूचियों पर बारीक नजर रखने की जरुरत है।

मनसे प्रमुख ने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने में सावधानी बरतने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया। स्थानीय निकाय चुनावों की घोषणा अभी नहीं हुई है, लेकिन प्रशासन ने चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है।

### 2022 से भंग पालिका

**ठाणे मनपा प्रशासन ने कुछ दिन पहले प्रभाग संरचना योजना का मसौदा जारी किया, जिसके लिए आपत्ति एवं सुझाव दर्ज कराने की अंतिम तिथि 4 सितंबर निर्धारित की है। इसको देखते हुए अगले कुछ महीनों में मनपा चुनाव होने की उम्मीद जताई जा रही है। राज्य की महानगरपालिकाओं सहित अन्य स्थानीय निकायों का कामकाज पिछले कुछ वर्षों से प्रशासन के जरिये किया जा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के कारण, राज्य के स्थानीय निकायों ने राज्य सरकार के निदेर्शानुसार प्रभाग संरचना का मसौदा तैयार कर प्रकाशित किया है। ठाणे महानगर पालिका 6 मार्च 2022 से भंग है। मनपा प्रशासन की तरफ से जारी मसौदा के मुताबिक वर्ष 2017 के चुनाव की तरह, इस वर्ष भी ठाणे को चार सदस्यों वाले 32 वार्डों और तीन सदस्यों वाले एक वार्ड के रूप में संरचित किया गया है। इन वार्डों से 131 नगरसेवक चुने जाएंगे।**

### शहर अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों की बैठक

**मनपा चुनाव के तहत मनसे की तरफ से शनिवार को ठाणे के खारकरअली स्थित सीकेपी हाल में शहर अध्यक्ष से लेकर उप शाखा अध्यक्ष तक के पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गयी थी, जिसमें पार्टी प्रमुख राज ठाकरे के अलावा पार्टी के नेता एवं पूर्व विधायक राजू पाटिल, ठाणे एवं पालघर जिला अध्यक्ष अविनाश जाधव, शहर अध्यक्ष रविंद्र मोरे, मनविसे के महासचिव संदीप पाचंगे, विधि प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष स्वप्निल महेंद्रकर, सुशांत सुर्वे सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को मनपा चुनाव में जुट जाने का निर्देश दिया। इस बैठक के माध्यम से ठाकरे ने औपचारिक तौर पर चुनाव तैयारियों का शुभारंभ किया।**

# मुंबई पुलिस ने 1.25 करोड़ ठगने वाले दो पकड़े




**मुंबई :** मुंबई पुलिस की साइबर सेल ने जलगांव से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर आरोप है कि इन्होंने ठगों की मदद की, जिन्होंने एक 72 साल की महिला को 'डिजिटल अरेस्ट' करके करीब 1.25 करोड़ रुपये का चूना लगाया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी रोहित सोनार और हितेश पाटिल ने अपने बैंक खातों का इस्तेमाल ठगों को करने दिया, ताकि महिला से ठगे गए पैसे विदेशों में भेजे जा सकें। घटना 18 अगस्त की है। महिला को एक अनजान शख्स का फोन आया, जिसने खुद को 'डीसीपी संजय अरोरा' बताया। उसने महिला पर मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर अपराधों में शामिल होने का आरोप लगाया और कहा कि या तो वह पैसा दे, वरना उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। डरी-सहमी महिला ने अलग-अलग खातों में लगभग 1.25 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए। लेकिन कुछ समय बाद जब कोई आधिकारिक जांच सामने नहीं आई तो महिला को ठगी का एहसास हुआ और उसने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। जांच में पता चला कि ठगे गए पैसों का एक हिस्सा रोहित सोनार के खाते में गया, जबकि हितेश पाटिल ने विदेश में बैठे साइबर ठगों को अपने बैंक खाते की जानकारी दी थी। दोनों को इस काम के लिए कमीशन भी मिला। फिलहाल मामले की आगे जांच की जा रही है।

# ठाणे में प्रेमी के साथ वीडियो कॉल के दौरान महिला ने आत्महत्या की



**ठाणे :** ठाणे जिले में एक 23 वर्षीय महिला ने अपने प्रेमी के साथ वीडियो कॉल के दौरान कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। एक पुलिस सूत्र ने रविवार को बताया कि उत्पीड़न और ब्लैकमेल के आरोपों के बाद उसे हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि यह घटना गुरुवार को टिटवाला इलाके में हुई। टिटवाला पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, 'हमने महिला के प्रेमी को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ कर रहे हैं। उसके परिवार का आरोप है कि उसने इसी तरह कई अन्य लड़कियों को धोखा दिया है।' पुरुष और महिला की मुलाकात इंस्टाग्राम पर हुई, दोस्ती हुई और फिर दोनों के बीच रिश्ता बन गया। महिला के परिवार के बयान का हवाला देते हुए, अधिकारी ने कहा, ''प्रेमी ने कई बहाने बनाकर उसके गहने ले लिए थे। जब उसने उससे गहने वापस मांगे, तो उसने उसके निजी वीडियो सार्वजनिक करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।''

अधिकारी ने बताया कि उत्पीड़न सहन न कर पाने के कारण महिला ने अपने घर में फांसी लगा ली। अधिकारी ने बताया कि उसके परिवार ने पुलिस को बताया कि जब उन्होंने उसका फोन चेक किया, तो पता चला कि जब उसने आत्महत्या की, तब वह अपने प्रेमी के साथ वीडियो कॉल पर थी। हालांकि, अधिकारी ने बताया कि महिला का बिना पोस्टमार्टम कराए ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

# 17 साल के लड़के ने एंगल का पीछा किया, हत्या से पहले ₹450 में ऑनलाइन चाकू मंगवाया



**महाराष्ट्र :** दसवीं कक्षा में पढ़ने वाले 15 वर्षीय छात्र एंजेल जॉन की हत्या कर दी गई। नाबालिग आरोपी और लड़की के बीच प्रेम संबंध थे। दोनों के बीच झगड़ा हुआ और हत्या के बाद नाबालिग आरोपी फरार हो गया। क्राइम ब्रांच की यूनिट 4 ने आरोपी को कपिलनगर इलाके से आधी रात को गिरफ्तार किया। केली को गिरफ्तार करें। जाँच के दौरान पता चला कि आरोपी ने आठ दिन पहले एंजेल की हत्या की योजना बनाई थी, जिसके लिए उसने ऑनलाइन चाकू मँगवाया था। हत्या के बाद आरोपी अपने खून से सने कपड़े और मोबाइल फोन छिपाकर भाग गया था।

शुक्रवार, 29 अगस्त को अजनी थाना क्षेत्र के बादामी कॉलोनी इलाके में स्थित एक स्कूल के सामने एक नाबालिग प्रेमी ने अपनी 15 वर्षीय प्रेमिका पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। नाबालिग छात्रा की हत्या से शहर में हड़कंप मच गया। नागपुर पुलिस ने एंजेल की हत्या करने वाले को कैसे पकड़ा? हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस उसकी गहन तलाश कर रही थी। इस बीच, जब पुलिस ने आरोपी के साथी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने बताया कि उसने आरोपी को गंगाबाई घाट इलाके में छोड़ दिया था। हालाँकि, जब पुलिस ने उसे स्केच दिखाया, तो आरोपी के साथी ने बताया कि उसने उसे कपिलनगर में अपने रिश्तेदार के पास छोड़ दिया था।

इस सूचना के आधार पर, क्राइम ब्रांच की यूनिट 4 की एक टीम ने कपिलनगर इलाके में तलाशी अभियान चलाया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पता चला है कि आरोपी ने हत्या में इस्तेमाल चाकू ऑनलाइन मंगवाने की बात कबूल की है। जब पुलिस ने नाबालिग आरोपी को किशोर न्यायालय में पेश किया, तो अदालत ने उससे एक दिन पूछताछ की अनुमति दे दी। छात्र और आरोपी के बीच प्रेम संबंध थे। नाबालिग आरोपी अपनी माँ, भाई और बहन के साथ रामबाग में रहता है। पता चला है कि मृतक एंजेल की माँ भी अस्पताल में केयरटेकर का काम करती है।

# मुंबई : 25 वर्षीय युवक गिरफ्तार... 89 मोबाइल फोन चोरी का खुलासा

**मुंबई :** ओशिवारा पुलिस ने एक 25 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से 89 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अक्षय राजू दुगलज के रूप में पहचाने गए आरोपी ने पूछताछ के दौरान कबूल किया कि उसने पिछले कुछ महीनों में अंधेरी से गोरेगांव बेल्ट तक मोबाइल फोन चुराए थे। उसने गोरेगांव के एक कमरे के अंदर एक प्लास्टिक बैग में सभी चोरी किए गए फोन रखे थे और उन्हें बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहा था। यह मामला तब सामने आया जब शिकायतकर्ता राहुल मिश्रा (34), जो ओशिवारा के एक होटल में मैनेजर के रूप में काम करते हैं, ने रिपोर्ट किया कि उनका मोबाइल फोन जिसकी कीमत 50,000 रुपये है, 28 अगस्त को होटल परिसर से चोरी हो गया था।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## अर्थव्यवस्था ने दिखाई ताकत...

आर्थिक अनिश्चितता के इस दौर में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमानों ने अर्थव्यवस्था के जानकारों और पूवार्नुमान लगाने वालों को चौंकाया है। गत सप्ताह जारी आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि जून तिमाही में अर्थव्यवस्था 7.8 फीसदी की दर से बढ़ी जो पांच तिमाहियों में उच्चतम है। सकल मूल्य वर्धन को अर्थव्यवस्था का बेहतर संकेतक माना जाता है और उसमें 7.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस तिमाही के लिए 6.5 फीसदी वृद्धि का अनुमान जताया था। बहरहाल, इस स्तर की वृद्धि को बरकरार रखना या रिजर्व बैंक के पूरे वर्ष के 6.5 फीसदी के लक्ष्य को हासिल करना विपरीत कारोबारी माहौल में चुनौतीपूर्ण हो सकता है। पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था के लगभग सभी हिस्सों ने वृद्धि को बल दिया। कृषि क्षेत्र पिछले वर्ष की समान अवधि के 1.5 फीसदी की तुलना में 3.7 फीसदी की दर से बढ़ा। विनिर्माण क्षेत्र ने 7.7 फीसदी की दर से वृद्धि दर्ज की जबकि गत वर्ष की समान अवधि में यह 7.6 फीसदी की दर से बढ़ा था। सेवा क्षेत्र भी पिछले साल की तुलना में तेज गति से बढ़ा जबकि खनन और उत्खनन में कमी आई। निर्माण क्षेत्र में मंदी आई। उच्च वृद्धि को एक हद तक सरकारी व्यय से मदद मिली जो इस तिमाही में 7.4 फीसदी बढ़ा। गत वर्ष की पहली तिमाही में आम चुनाव के कारण सरकारी व्यय सीमित था। यह सरकारी खातों में भी नजर आया। केंद्र सरकार ने पहली तिमाही में वार्षिक पूंजीगत व्यय बजट का लगभग एक-चौथाई हिस्सा खर्च किया, जबकि पिछले वर्ष इसी तिमाही में यह केवल लगभग 16 फीसदी था।

पहली तिमाही के आंकड़े उत्साह बढ़ाने वाले हैं जबकि यहां से हालात कठिन हो सकते हैं। वृद्धि के समक्ष सबसे बड़ा जोखिम अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्कों का है। अनुमान बताते हैं कि करीब 66 फीसदी भारतीय निर्यात को 50 फीसदी या उससे अधिक शुल्क का सामना करना होगा। वृद्धि पर इसका वास्तविक प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि यह शुल्क कितने लंबे समय तक लागू रहता है। अगर इस स्तर का शुल्क कुछ तिमाहियों तक भी लागू रहा तो यह रोजगार और घरेलू मांग को प्रभावित करना शुरू कर देगा। सरकार जहां इसके असर को कम करने को लेकर काम कर रही है, वहीं मांग को पहुंचे संभावित नुकसान की भरपाई मुश्किल होगी। ऐसे में आने वाली तिमाहियों में वृद्धि मोटे तौर पर भारत-अमेरिका रिश्तों में सुधार पर निर्भर होगी। इसके अलावा, वर्तमान तिमाही की वृद्धि पर भी असर पड़ सकता है क्योंकि कई परिवार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में संभावित कटौती की उम्मीद के चलते अपने खरीदारी के फैसले टाल सकते हैं। उदाहरण के लिए, कारों सहित कई वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कमी की संभावना है। हालांकि, इसका असर केवल एक तिमाही तक सीमित रह सकता है, क्योंकि जैसे ही जीएसटी दरें समायोजित होंगी, मांग फिर से बढ़ जाएगी।

Rokthok Lekhani News Update
WhatsApp group

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : वार्ड बाउंड्री पर नौ दिनों में अब तक कुल 17 शिकायतें और सुझाव...




**मुंबई :** मनपा चुनाव को लेकर बनाई गई वार्ड बाउंड्री पर नौ दिनों में अब तक कुल 17 शिकायतें और सुझाव मिल चुके हैं। अब बचे हुए पांच दिन में कितनी शिकायतें आती है यह देखना होगा। वर्ष 2017 में वार्ड पर कुल 613 शिकायतें आईं थीं, जबकि वर्ष 2022 में 236 वार्ड बनाकर की गई वार्ड बाउंड्री पर कुल 892 शिकायतें आईं थीं। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद मनपा चुनाव को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। मुंबई मनपा का चुनाव 227 वार्ड में होना निश्चित हो जाने के बाद वार्ड बाउंड्री निश्चित की गई। मनपा द्वारा तैयार की गई वार्ड बाउंड्री राज्य सरकार के नगर विकास को सौंपने के बाद नगर विकास विभाग ने राज्य चुनाव आयुक्त को परिसीमन सौंपी। राज्य चुनाव आयुक्त के निर्देश पर मनपा द्वारा तैयार की गई बाउंड्री पर राजनीतिक पार्टियों और आम नागरिकों से शिकायत सुझाव लिया जा रहा है। राज्य चुनाव आयोग के निर्देश पर 22 अगस्त से 4 अक्टूबर तक शिकायत सुझाव लिए जायेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले नौ दिनों के दौरान मनपा द्वारा तैयार की गई वार्ड बाउंड्री पर कुल 17 शिकायतें दर्ज कराई गई हैं, जिनमे एन वार्ड मुलुंड से दो है, जबकि अन्य मुंबई के 24 वार्डों से शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। मनपा प्रशासन ने वार्ड बाउंड्री पर शिकायत और सुझाव देने के लिए मनपा मुख्यालय सहित मुंबई भर में फैले मनपा के 24 वार्ड में शिकायत और सुझाव देने की सुविधा नागरिकों को उपलब्ध कराई गई है। मनपा के 2017 में हुए चुनाव के दौरान तैयार की गई वार्ड बाउंड्री पर चुनाव कराया जा रहा है। जिसके चलते वार्ड के बाउंड्री में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। यही कारण है कि इस साल वार्ड बाउंड्री पर कोई बहोत शिकायत और सुझाव आने की उम्मीद कम ही है।

**5 से 12 सितंबर होगी शिकायत पर सुनवाई**

मनपा द्वारा 227 वार्डों की निश्चित की गई बाउंड्री पर लोगो द्वारा शिकायत और लेने का काम शुरू है। नागरिक और राजनेता 4 सितम्बर तक अपनी शिकायत और सुझाव दे सकेंगे। लोगो के आए शिकायत पर 5 सितंबर से 12 सितंबर तक सुनवाई होगी। सुनवाई पूर्व मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल सुनेंगे और उस पर निपटारा करेंगे।

# नालासोपारा में भीषण सड़क हादसा; बस ने युवक को कुचला, चालक फरार

**नालासोपारा :** नालासोपारा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहाँ एक तेज रफ्तार निजी बस की चपेट में आने से 22 वर्षीय युवक नीरज कुमार जायसवाल की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना सुबह करीब 7:30 बजे बिलालपाड़ा नाका पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक बिलालपाड़ा तालाब से मुख्य सड़क की ओर आ रहा था, तभी सोपारा फाटा से नालासोपारा स्टेशन जा रही बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि नीरज की जान चली गई। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया, जिससे लोगों में भारी गुस्सा है। पुलिस ने बस जब्त की, आरोपी की तलाश जारी हादसे की जानकारी मिलते ही पेल्हार पुलिस स्टेशन की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने सड़क पर लगे जाम को खुलवाया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# भिवंडी में खाड़ी किनारे मिला महिला का धड़ से अलग सिर

## पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, पहचान व हत्यारों की तलाश में जुटी पुलिस



**भिवंडी :** भिवंडी शहर के ईदगाह इलाके में उस समय सनसनी फैल गई, जब खाड़ी के किनारे दलदल में एक अज्ञात महिला का धड़ से अलग हुआ सिर बरामद हुआ। मृतका की उम्र 25 से 28 वर्ष के बीच बताई जा रही है। इस दिल दहला देने वाली घटना की खबर फैलते ही इलाके में दहशत का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए।

सूचना मिलते ही भोईवाड़ा पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक रत्नपारखी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सिर को कब्जे में लेकर पंचनामा किया और फिर उसे पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक मृतका की पहचान नहीं हो पाई है, और पुलिस के सामने यह सबसे बड़ी चुनौती है कि यह सिर आखिरकार किसका है और कहां से बहकर यहां आया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जिस जगह सिर मिला है, वह दलदल और खाड़ी से सटा हुआ इलाका है। संभावना जताई जा रही है कि महिला की हत्या कहीं और की गई हो और सबूत मिटाने के इरादे से सिर पानी में फेंका गया हो। फिलहाल पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या आसपास के किसी थाने में महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई है।

# वसई : पिछले 5 सालों में वाहन मालिकों पर 12.87 करोड़ रुपये का जुमार्ना बकाया




**वसई :** विरार में ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वाले वाहन चालकों से करोड़ों रुपये का जुमार्ना वसूलना ट्रैफिक पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। पिछले 5 सालों में, करीब 2.16 लाख से ज्यादा वाहन मालिकों पर 12.87 करोड़ रुपये का जुमार्ना बकाया है, जिसका भुगतान करने से वे कतरा रहे हैं। नालासोपारा में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों से ई-चालान के जरिए जुमार्ना वसूला जाता है, लेकिन हजारों लोग अपने मोबाइल पर आए चालान को नजरअंदाज कर देते हैं।

2021 से जुलाई 2025 तक, वसई और विरार ट्रैफिक पुलिस ने कुल 12 करोड़ 87 लाख 23 हजार 608 रुपये का जुमार्ना लगाया है, जिसमें से वसई ट्रैफिक विभाग का बकाया 7.51 करोड़ रुपये है और विरार ट्रैफिक विभाग का बकाया 5.35 करोड़ रुपये है। कुल मिलाकर 2 लाख 16 हजार 778 वाहन मालिकों ने इस बकाया राशि का भुगतान नहीं किया है। वहीं, इसी अवधि में पुलिस ने 3 लाख 42 हजार 255 वाहन चालकों से 15 करोड़ 17 लाख 39 हजार 700 रुपये का जुमार्ना वसूल भी किया है। वीआईपी कारों के मालिक भी शामिल जिन लोगों पर जुमार्ना बकाया है, उनमें लगभग 3 से 4 हजार वीआईपी कार मालिक भी शामिल हैं, जो लाखों रुपये की महंगी गाड़ियां होने के बावजूद जुमार्ने का भुगतान करने से बच रहे हैं।

## ठाणे: सरकारी बाल सुधार गृह से छह लड़कियाँ भाग निकलीं, तलाशी में दो बरामद




**ठाणे:** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर शहर में स्थित एक सरकारी बाल सुधार गृह से छह लड़कियाँ भाग निकलीं, जिसके बाद पुलिस ने तलाशी शुरू की और उनमें से दो को बरामद कर लिया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह घटना बुधवार दोपहर को हुई। एक अधिकारी ने बताया कि जब प्रवेश द्वार की सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षाकर्मी दोपहर के भोजन के लिए गए हुए थे, तब ये लड़कियाँ बाल सुधार गृह के मुख्य द्वार की चाबी हासिल करने में कामयाब रहीं और भाग निकलीं।

ये लड़कियाँ मीरा-भयंदर और मुंबई सहित ठाणे जिले के विभिन्न इलाकों की रहने वाली थीं। भागने के बाद, हिल लाइन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया और पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे के नेतृत्व में तलाशी अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने मीरा-भयंदर स्थित उनके घरों से भागी हुई दो लड़कियों को ढूंढ निकाला और उन्हें वापस बाल सुधार गृह लाया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान, लड़कियों ने जाँचकताओं को बताया कि वे इस सुधार गृह में नहीं रहना चाहतीं। उन्होंने आगे बताया कि बाकी चार नाबालिगों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

# ठाणे में 37 अति खतरनाक इमारतें तुरंत खाली करने के आदेश; आयुक्त सौरभ राव ने दी सख्त हिदायत

**ठाणे :** ठाणे महानगरपालिका आयुक्त सौरभ राव ने विरार में हुई इमारत दुर्घटना की पृष्ठभूमि पर ठाणे क्षेत्र की अतिधोकादायक इमारतों की समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर की 37 इमारतें तत्काल खाली कराई जाएं और रहिवाशों को लगातार संवाद के माध्यम से समझाकर बाहर निकाला जाए। आयुक्त ने कहा कि ऐसी इमारतों में रहना जीवन पर भारी पड़ सकता है, इसलिए जोखिम उठाने के बजाय तुरंत कदम उठाना जरूरी है। ठाणे महापालिका क्षेत्र में कुल 93 अतिधोकादायक इमारतें दर्ज हैं, जिनमें से 56 पहले ही खाली कराई



जा चुकी हैं। शेष 37 इमारतों में अब भी 191 परिवार रह रहे हैं। आयुक्त ने आश्वासन दिया कि इन इमारतों को खाली कराने के बाद उनका ताबा किसी और को नहीं दिया जाएगा, बल्कि वे रहिवाशों के ही नियंत्रण में रहेंगी, जिससे किसी को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। आयुक्त के दालन में हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, नगररचना सहायक संचालक संग्राम कानडे, उपायुक्त मनीष जोशी, शंकर पाटोले, दिनेश तायडे, सचिन सांगळे सहित सभी प्रभाग समितियों के सहायक आयुक्त और कार्यकारी अभियंता उपस्थित थे। समीक्षा में यह भी तय किया गया कि सभी अतिधोकादायक इमारतों पर चेतावनी बोर्ड फिर से लगाए जाएं, नागरिकों को पत्रक के माध्यम से सतर्क किया जाए और व्हाट्सऐप ग्रुप बनाकर भी जानकारी पहुंचाई जाए। नौपाड़ा-कोपरी प्रभाग में सबसे अधिक 27 अतिधोकादायक इमारतें दर्ज हैं, उथलसर में 7, दिवा में 2 और मुंब्रा में 1 इमारत है। सी-वन वर्गवारी की इमारतों को पूरी तरह खाली करना अनिवार्य है, जबकि सी-टू ए और बी वर्गवारी की इमारतों की मरम्मत बड़े पैमाने पर की जानी चाहिए और उस अवधि में किसी को भी उनमें ठहरने की अनुमति नहीं होगी।

## पालघर : महिला को परेशान करने आरोप में व्यवसायी गिरफ्तार

**पालघर :** पालघर के वाडा में शनिवार को एक व्यवसायी को 24 वर्षीय एक महिला का पीछा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। वाडा पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि उसकी पहचान ट्रैवल व्यवसायी देवेंद्र पाटिल (30) के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि महिला की शिकायत पर शुक्रवार को दर्ज मामले के अनुसार पाटिल ने कुछ दिन पहले इंस्टाग्राम अकाउंट से उसे अश्लील संदेश और अश्लील तस्वीरें भेजी थीं। उसे महिला का पीछा करने और उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है।

## मुंबई :1 सितंबर को हल्की बारिश का अनुमान ; 2 सितंबर के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी...

**मुंबई :** मुंबई में भारतीय मौसम विभाग ने 2 सितंबर के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. दिल्ली, हरियाणा और चंडीगढ़ में भी तेज बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है. जम्मू-कश्मीर में बारिश और भूस्खलन से रेल-सड़क यातायात ठप हो गया. मुंबई एक बार फिर अलर्ट पर है क्योंकि भारतीय मौसम विभाग ने 2 सितंबर के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की है. कई दिनों तक हुई भारी बारिश के बाद, जिससे शहर के कई हिस्से जलमग्न हो गए थे, आने वाली बारिश ने एक और जलप्रलय की आशंका पैदा कर दी है. शहर में आज यानी 31



अगस्त तक मध्यम बारिश होने की संभावना है. हालांकि, बादल छाए रहेंगे. 1 सितंबर को हल्की बारिश का अनुमान है, जबकि 2 सितंबर को भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है.

बताते चलें कि अगले कुछ दिन उत्तराखंड, पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर भारी बारिश जारी रह सकती है. 2 सितंबर के दौरान जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और 1 सितंबर तक पश्चिमी राजस्थान में कुछ जगहों पर बहुत भारी बारिश होने की संभावना है.

उत्तर रेलवे ने जम्मू स्टेशन से दो स्पेशल ट्रेनें चलाईं, जिनसे केंद्र शासित प्रदेश में मानसूनी तबाही के बाद फंसे 1,200 से ज्यादा यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया. इस तबाही के कारण क्षेत्र में रेल यातायात ठप हो गया है. उत्तर रेलवे ने रविवार को जम्मू और कटरा स्टेशनों से आने-जाने वाली 51 ट्रेनों को कैंसिल करने की घोषणा की, जबकि तीन अन्य को मंडल के अलग-अलग स्टेशनों पर या तो बीच में ही रोक दिया गया.

## मुंबई: जारंगे ने भूख हड़ताल वापस लेने से इनकार कर दिया...

### शिंदे समिति के साथ पहली चर्चा विफल




**मुंबई:** मराठा आरक्षण: मनोज जारंगे पाटिल विभिन्न मांगों को लेकर मुंबई के आजाद मैदान में भूख हड़ताल पर हैं। सरकार की ओर से जस्टिस शिंदे और संभागीय आयुक्त चर्चा के लिए वहाँ गए थे। हालाँकि, शिंदे समिति के साथ पहली चर्चा विफल रही है। जारंगे ने भूख हड़ताल वापस लेने से इनकार कर दिया है। वह हैदराबाद राजपत्र और सातारा राजपत्र को लागू करने के लिए समय नहीं देंगे। सरकार औंध संस्थान राजपत्र के लिए समय देने को तैयार है। मराठवाड़ा के सभी मराठा कुनबियों पर फैसला करें। कल ही कैबिनेट की बैठक होनी चाहिए, सरकार, कैबिनेट, राज्यपाल सभी वहाँ मौजूद हैं। जारंगे ने जस्टिस शिंदे से मांग की कि राजपत्र को 10 मिनट में लागू किया जाए।

इस चर्चा में, मनोज जारंगे पाटिल ने कहा कि सरकार को एक जीआर जारी करना चाहिए जिसमें कहा जाए कि मराठा और कुनबी एक ही हैं। 1930 में संभाजीनगर में 1 लाख 23 हजार कुनबी थे। 90 साल पहले मराठवाड़ा के कुनबी अब कहाँ गए? जालना में 97 हजार कुनबी थे। मान लीजिए कि हर कुनबी परिवार में पाँच बच्चे हैं। सरकार को अब और समय नहीं लेना चाहिए। आप हमारी जान से खेल रहे हैं। अब हम सरकार को एक मिनट का भी समय नहीं देंगे। शिंदे समिति को चर्चा के लिए भेजना विधानसभा और विधान परिषद का अपमान है।

कुछ हद तक, जरांगे पाटिल संतुष्ट हो गए हैं। कुछ बातों को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी मिल गई है। जरांगे द्वारा उठाए गए मुद्दों को कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। हैदराबाद राजपत्र को लागू करने का फैसला कैबिनेट का है। यह मेरा नहीं है। इसलिए, मैं अभी इस पर कुछ नहीं बोलूँगा। मैं उप-समिति के अध्यक्ष को चर्चा में आए मुद्दों के बारे में सूचित करूँगा, जारेंज से चर्चा करने आए न्यायमूर्ति शिंदे ने कहा। इस बीच, समिति ने माँग की कि हमें 6 महीने का समय दिया जाए। प्रक्रिया के लिए आवश्यक समय दिया जाना चाहिए। समिति की चर्चा में शिंदे ने कहा कि पूरे समुदाय को प्रमाण पत्र नहीं दिए जा सकते। जबकि जारंगे ने रुख अपनाया कि वे पिछड़ा वर्ग आयोग के अलावा किसी और मांग के लिए समय नहीं देंगे। अगले शनिवार और रविवार को सदन में एक भी मराठा दिखाई नहीं देगा। मराठवाड़ा का पूरा मराठा समुदाय कुनबी है और कल से उन्हें प्रमाण पत्र देना शुरू करें। मराठा आरक्षण के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों के उत्तराधिकारियों को सरकारी नौकरी और 10 लाख रुपये की सहायता दी जानी चाहिए।

## विरार : इमारत हादसा: डेवलपर जमीन मालिक समेत 5 गिरफ्तार... मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई

**विरार :** विरार में हाल ही में हुए रमाबाई अपार्टमेंट इमारत हादसे की जांच क्राइम ब्रांच तीन को सौंप दी गई है, जिसमें अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है और 9 घायल हुए हैं। इस मामले में पुलिस ने डेवलपर और जमीन मालिक समेत कुल पाँच लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दुखद घटना के बाद, विरार पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इमारत के डेवलपर, नीतल साने (48) को गिरफ्तार कर लिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच क्राइम ब्रांच तीन को सौंप दी गई। क्राइम ब्रांच ने इस मामले में आगे बढ़ते हुए चार और



लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो महिलाएँ भी शामिल हैं। जमीन मालिक के परिवार पर गाज पुलिस के मुताबिक, इस इमारत का निर्माण कार्य डेवलपर नीतल साने और जमीन के मूल मालिक, परशुराम दलवी के बीच हुए एक समझौते के तहत हुआ था। हालाँकि, परशुराम दलवी का निधन हो गया था, जिसके बाद उनकी दो बेटियों और दामाद ने निर्माण कार्य की जिम्मेदारी संभाली। गिरफ्तार किए गए चार नए आरोपियों में परशुराम दलवी की दो बेटियां, शुभांगी भोईर (38) और संध्या पाटिल (35), और उनके दामाद सुरेंद्र भोईर (46) और मंगेश पाटिल (35) शामिल हैं । यह इमारत साल 2008 से 2011 के बीच बनाई गई थी और इसे अवैध रूप से निर्मित बताया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, साल 2020 में महापालिका ने इमारत की मरम्मत के लिए नोटिस भी जारी किया था, लेकिन डेवलपर और जमीन मालिकों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। क्राइम ब्रांच के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शाहूराज रानावरे ने बताया कि गिरफ्तार किए गए इन चारों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया और उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं, पहले से गिरफ्तार डेवलपर नीतल साने को फिर से अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 6 दिन की अतिरिक्त पुलिस हिरासत में भेजा गया है।



## ठाणे : महिला सिपाही ने की बदलापुर में आत्महत्या;



**ठाणे :** ठाणे पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा से जुड़ी 36 वर्षीय एक महिला कांस्टेबल ने एक आवासीय परिसर की तीसरी मंजिल से कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात बदलापुर में हुई। बदलापुर पश्चिम थाने के वरिष्ठ निरीक्षक किशोर शिंदे ने बताया, ''महिला सिपाही को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। हमने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है।'' अधिकारी ने बताया कि महिला सहजीवी संबंधों में रह रही थी और मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# मुंबई : नामी बिल्डर द्वारा करोड़ों की धोखाधड़ी!

## बुजुर्ग महिला के साथ 1.31 करोड़ की ठगी




**मुंबई :** मुलुंड में एक बुजुर्ग विधवा महिला व उसके परिवार के साथ नामी बिल्डर द्वारा करोड़ों की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मॉरीगोल्ड कंस्ट्रक्शन के पार्टनर्स ने सोची समझी साजिश के तहत घर देने के नाम करीब 1.31 करोड़ 43 हजार की ठगी की है। मुलुंड पश्चिम पुलिस थाने में दर्ज एफआईआर (क्रमांक 0788/2025) के अनुसार, शिकायतकर्ता नारायण अईयर ने मॉरीगोल्ड कंस्ट्रक्शन और उसके पार्टनर पर करोड़ों रुपए की ठगी का आरोप लगाया है। शिकायत के मुताबिक, बिल्डर को रुपए मिलने के बाद फ्लैट का अलाटमेंट लेटर जारी किया। उसके बाद विधवा और उनके परिवार के लोगों द्वारा कई चक्कर लगाने के बाद भी बिल्डर एग्रीमेंट रजिस्टर नहीं किया। बिल्डर हर बार बहनेबाजी करके विधवा व उनके परिवार के लोगो को परेशान कर ठगी किया। रकम लेने के बावजूद भी अबतक पीड़िता को फ्लैट नहीं दिया गया। आरोप है कि मॉरीगोल्ड कंस्ट्रकशन ने योजनाबद्ध तरीके से ठगी धोखाधड़ी की। एफआईआर में यह भी उल्लेख है कि जब शिकायतकर्ता ने अपनी रकम वापस मांगनी चाही, तो आरोपियों ने अलग-अलग बहाने बनाकर भुगतान से बचने की कोशिश की। इससे पीड़िता को भारी आर्थिक व मानसिक नुकसान उठाना पड़ा। पीड़िता पूरी जिंदगी भर की गाढ़ी कमाई खोने के चलते डिप्रेशन है जिससे उसकी शारीरिक स्थिति नाजुक हो गई है। पुलिस ने इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और धारा 34 (सामूहिक आपराधिक षड्यंत्र) के तहत मॉरीगोल्ड कंस्ट्रकशन के। पार्टनर भरत प्रजापति और भाविन सेठ के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पालघर : गणपति विसर्जन के दौरान 16 साल के किशोर की झील में डूबने से मौत...

**पालघर :** पालघर जिले के सरावली इलाके में एक दुखद हादसा हो गया। गणपति विसर्जन के दौरान 16 साल का एक लड़का झील में डूब गया। जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम ने बताया कि यह घटना शाम करीब 8 बजे हुई। राजभाऊ राजकुमार पासवान नाम का युवक जब मूर्ति विसर्जन कर रहा था, तभी वह फिसलकर झील में गिर गया और डूब गया। करीब 9:45 बजे तलाश अभियान के बाद उसका शव बरामद किया गया। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे विसर्जन के दौरान खासकर झीलों, नदियों और समुद्र किनारे अत्यंत सावधानी बरतें।

## मुंबई : व्यापारी से मुलुंड-गोरेगांव लिंक रोड के पास 5.1 लाख रुपये के सोने के आभूषण लूट लिए

**मुंबई :** एक चौंकाने वाली घटना में, 56 वर्षीय शेयर बाजार व्यापारी अभय सुरेंद्र मेटकर से मुलुंड-गोरेगांव लिंक रोड के पास 5.1 लाख रुपये के सोने के आभूषण लूट लिए गए। यह घटना उस समय हुई जब वह भांडुप में अपने एक दोस्त के घर गणेश चतुर्थी समारोह में शामिल होने के बाद एक नाले के पास थोड़ी देर के लिए अपनी गाड़ी रोककर आराम कर रहे थे। नाले के पास रुकने के दौरान लुटेरों ने हमला किया पुलिस के अनुसार, मुलुंड पश्चिम में एलबीएस रोड स्थित रुनवाल प्राइड में रहने वाले मेटकर शेयर ट्रेडिंग का व्यवसाय करते हैं। वह गणपति दर्शन के लिए भांडुप में कल्पतरु क्रेस्ट स्थित अपने दोस्त राजेश थापर के घर गए थे। रात लगभग 8:30 बजे, वह अपनी टोयोटा फॉर्च्यूनर (MH 03 AV 8008) से घर लौट रहे थे।

# भिवंडी : कपड़ा कारोबार को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट... दोनों ही पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई




**भिवंडी :** शहर के न्यू कनेरी इलाके में कपड़ा कारोबार को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मामला इतना बढ़ गया कि दो गुटों में जमकर मारपीट हुई और दोनों ही पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ भिवंडी शहर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों गुटों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, न्यू कनेरी में 'अनमोल सिंथेटिक' नाम से कपड़ा कारोबार करने वाले कन्हैया अग्रवाल पिछले कुछ महीनों से नालापार निवासी अब्दुल शेख की 'यू ए टेक्सटाइल' से कच्चा कपड़ा खरीद रहे थे।

बताया गया कि एक खेप में कच्चे कपड़े का वजन कम होने पर पैसों के लेनदेन को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। यह मामला 27 अगस्त को कन्हैया अग्रवाल के ऑफिस में मध्यस्थता के लिए बुलाई गई बैठक में फिर उग्र हो गया। विवाद बढ़ने पर अब्दुल शेख ने अपने परिचित अनिल केसरवानी को बुलाया। अनिल करीब 20-25 लोगों के साथ वहां पहुंचा। उस समय कन्हैया के भतीजे केशव और कुशाग्र भी कार्यालय में मौजूद थे। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। आरोप है कि अनिल और उसके पांच साथियों ने केशव को गालियां दीं और मुक्कों-लातों से पीटा। वहीं आदित्य और अजित नामक युवकों को भी लाठी-डंडों से घायल किया गया।

## मुंबई : मराठा आंदोलन के दौरानदिल का दौरा पड़ा; आंदोलक की हुई मौत

**मुंबई :** आजाद मैदान में चल रहे मराठा आरक्षण आंदोलन के दौरान एक और कार्यकर्ता की मौत हो गई है। लातूर जिले के अहमदपुर तालुका के टाकलगांव निवासी विजय घोगरे नामक युवक को आंदोलन में शामिल रहते हुए दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद उन्हें तुरंत जे.जे.अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से आंदोलनकारियों में शोक की लहर दौड़ गई है। राजधानी मुंबई में मनोज जरांगे पाटिल के नेतृत्व में मराठा समाज का आरक्षण आंदोलन जारी है। जरांगे पाटिल ने स्पष्ट किया है कि मराठा समाज को ओबीसी वर्ग से आरक्षण मिलने तक यह आंदोलन वापस नहीं लिया जाएगा। इससे पहले भी जुन्नर के पास एक मराठा आंदोलनकारी सतीश देशमुख की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई थी।

## मुंबई : बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट के बिजली नेटवर्क को मजबूत करने के लिए सरकार ने 3,346 करोड़ की योजना को दी मंजूरी

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार के उद्योग और ऊर्जा विभाग ने बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट के लिए 3,346.29 करोड़ रुपये की संशोधित योजना को मंजूरी दी है। यह मंजूरी केंद्र की पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत दी गई है। मामले में सरकारी आदेश के अनुसार, यह योजना मुंबई में बिजली आपूर्ति को मजबूत, आधुनिक, विश्वसनीय और किफायती बनाने के लिए लागू की जा रही है। इसमें नए सबस्टेशन, स्मार्ट मीटर, पावर सिस्टम अपग्रेड, और तकनीकी सुधार शामिल हैं।

## ठाणे : यातायात पुलिस ने वाहनों के प्रवाह को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए एक महत्वपूर्ण अपडेट साझा किया



**ठाणे :** शिलफाटा रोड पर चल रहे यातायात जाम को देखते हुए, ठाणे यातायात पुलिस ने वाहनों के प्रवाह को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए एक महत्वपूर्ण अपडेट साझा किया है। अधिकारियों द्वारा साझा की गई एक पोस्ट में, ठाणे यातायात पुलिस ने क्षेत्र में भारी यातायात को कम करने के उद्देश्य से विशिष्ट निर्देशों की रूपरेखा तैयार की। महापे की ओर जाने वाले भारी वाहनों को शिलफाटा पुल से कल्याण फाटा - पनवेल मार्ग से मोड़ दिया जा रहा है। मुख्य मार्ग पर दबाव कम करने और पुल पर भीड़भाड़ कम करने के लिए यह डायवर्जन लागू किया जा रहा है।

## मुंबई : 26 वर्षीय व्यक्ति की मौत के मामले में आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट (एडीआर) को हत्या के मामले में बदल दिया




**मुंबई :** डोंगरी पुलिस ने एक 26 वर्षीय व्यक्ति की मौत के मामले में जाँच में गड़बड़ी सामने आने के बाद आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट (एडीआर) को हत्या के मामले में बदल दिया है। मृतक की लिव-इन पार्टनर, रियाना इकबाल स्वरकिया (34) को उसके प्रेमी अरफात महबूब खान (26) की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

पैसों को लेकर अक्सर विवाद

पुलिस के अनुसार, दंपति के बीच पैसों को लेकर अक्सर विवाद होता था।

एमडी ड्रग्स के आदी अरफात ने कथित तौर पर रियाना से ₹1.5 लाख उधार लिए थे, जिसके कारण बार-बार झगड़ा होता था। जाँचकर्ताओं का आरोप है कि रियाना ने उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी और बाद में घटना को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की। पुलिस को यह भी संदेह है कि किसी अन्य व्यक्ति ने भी अपराध में उसकी मदद की होगी, और उस व्यक्ति का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

## मुंबई : महाराष्ट्र में 34,000 करोड़ के निवेश, सीएम फड़णवीस का उद्धव ठाकरे पर हमला

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि राज्य में करीब 34,000 करोड़ रुपये के 17 समझौता ज्ञापन, पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इससे राज्य में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। फडणवीस ने कहा, ''हमने भरोसेमंद संस्थानों के साथ समझौते किए हैं, जिससे महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने शिवसेना (उद्धव गुट) के प्रमुख उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए पूछा, ''जब वह सत्ता में थे, तब उन्होंने मराठा समुदाय के लिए एक भी काम किया हो तो बताएं। मुख्यमंत्री का यह बयान मराठा आरक्षण को लेकर चल रहे आंदोलन और राजनीतिक बहस के बीच आया है।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com